# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हुआ गणतंत्र दिवस का आयोजन

गणतंत्र दिवस की 72 वीं वर्षगांठ व 73वें गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता जी ने अपने संबोधन में बताया कि आजादी प्राप्त करने में सेनाओं के साथ-साथ कवियों, राजनेताओं व रचनाकारों का भी समान योगदान रहा ।

हमारा राष्ट्रीय पर्व मनाने के पीछे जो उद्देश्य है वह आजादी के लिए कुर्बान रणबांकुरौं को याद करने का है प्राचार्य महोदय ने कहा कि हर व्यक्ति सीमा पर लड़ने तो नहीं जा सकता लेकिन अपने कार्यस्थल पर ही निष्ठापूर्वक कार्य करके राष्ट्र निर्माण व विश्वकल्याण में अपना योगदान प्रदान कर सकता है । प्राचार्य जी ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भी उन रणबांकुरे की कुर्बानी को हृदय में रखते हुए उनके दिए गए विचारों का अनुशरण करना चाहिए । उन्होंने कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर के. एल कौशिक जी को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी ।

इस अवसर पर पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले मनीष नरवाल के पिता श्री दिलबाग सिंह व उनके फूफा जी श्री राम हरि जी ने भी महाविद्यालय प्राचार्य जी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर अग्रवाल शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुवेश पांडे, डॉ मनोज शुक्ला डॉ ,नरेश कामरा ,डॉ अशोक निराला ,डॉ. रामचंद्र ,डॉ संजीव गुप्ता , एन.सी.सी की ऑफिसर डॉ .पूजा सैनी, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के समन्वयक डॉ देवेंद्र, यूथ रेड क्रॉस के काउंसलर श्री सुभाष कैलोरिया, श्री लवकेश, अन्य शिक्षक व गैर शिक्षक सदस्य मौजूद रहे । गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में यूथ रेड क्रॉस , एन.एस.एस ,सेंट जॉन एंबुलेंस

ब्रिगेड, एनसीसी व स्वच्छता सेनानी यूनिटों के लगभग 150 स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।